आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 04.07.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

- पसूचना और प्रसारण मंत्रालय ने टेलीविजन रेटिंग एजेंसियों के लिए दिशा–निर्देशों में संशोधन का प्रस्ताव किया है।
- परिवहन विभाग की ओर से श्री विजयपुरम और बम्बूफ्लाट के बीच अतिरिक्त बस सेवाएं संचालित किया जा रहा है।
- राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन के तहत बिग लपाती गांव में "वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन" पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित।
- एम वी स्वराज द्वीप कल सुबह दस बजे श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने टेलीविजन रेटिंग एजेंसियों के लिए दो हजार चौदह में जारी नीति दिशा–निर्देशों में संशोधन का प्रस्ताव किया है। प्रस्तावित मसौदे में मीडिया घरानों के लिए कुछ प्रतिबंधात्मक प्रावधानों को हटा दिया गया है, ताकि देश में टेलीविजन दर्शकों की माप प्रणाली को लोकतांत्रिक और आधुनिक बनाया जा सके। वर्तमान में टीवी रेटिंग प्रदान करने वाली एक मात्र एजेंसी ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल – बार्क है। प्रस्तावित संशोधनों का उद्देश्य टीवी रेटिंग के क्षेत्र में कई एजेंसियों के माध्यम से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने, नई तकनीक लाने और विशेष रूप से कनेक्टेड टीवी प्लेटफ़ॉर्म के लिए अधिक विश्वसनीय और प्रतिनिधि डेटा प्रदान करने की अनुमति देना है। मसौदा जारी होने के तीस दिनों के भीतर हितधारकों और आम जनता से सुझाव आमंत्रित किये गये हैं।

<><><><><><><>

चाथम पुल के डेक स्लैब और बीम की खराब स्थिति को देखते हुए वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग श्री विजयपुरम और बम्बूफ्लाट के बीच अतिरिक्त सेवाएं संचालित कर रहा है। बम्बूफ्लाट से श्री विजयपुरम के लिए पहली बस यात्रा सुबह सात बजकर पन्द्रह मिनट पर रहेगी, जबकि श्री विजयपुरम से बम्बूफ्लाट के लिए सुबह साढ़े दस बजे बस सेवा शुरू होगी। बम्बूफ्लाट से श्री विजयपुरम के लिए अंतिम बस सेवा शाम पांच बजे और श्री विजयपुरम से बम्बूफ्लाट के लिए शाम सात बजकर पन्द्रह मिनट पर बस का संचालन किया जाएगा।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे के शास्त्री नगर और गांधी नगर में पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग के पशु चिकित्सा अस्पताल की ओर से पशु चिकित्सा स्वास्थ्य और बांझपन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मवेशियों में बांझपन से संबंधित मुद्दों की पहचान करने के लिए आयोजित किया गया था। शिविर के दौरान कुल पैंतालीस गायों की जांच की गई, जिससे चौदह स्थानीय किसानों को सीधा लाभ मिला। पशु चिकित्सा टीम ने गहन मूल्यांकन करते हुए विभिन्न प्रजनन और सामान्य स्वास्थ्य मुद्दों के लिए तत्काल उपचार प्रदान किया। पशुधन पोषण और समग्र स्वास्थ्य के लिए, लाभार्थियों को खनिज मिश्रण पाउडर वितरित किया गया। इसके अलावा, सभी गायों को कृमिनाशक दवा दी गई। शिविर में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पराग देवरी, पशु चिकित्सा कम्पाउंडर पी. ज्ञाना कुमारी और पशु चिकित्सा अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

कार निकोबार के कृषि विभाग की ओर से उच्च मूल्य कृषि विकास एजेंसी के सहयोग से राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन के तहत बिग लपाती गांव में "वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन" पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में गांव के द्वितीय प्रधान पेनिना मनैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। इस अवसर पर चतुर्थ प्रधान जैक बेनेडिक, ग्राम सचिव अलेम्बस, कृषि विभाग के विषय विशेषज्ञ डॉ. जीडी संकेत उपस्थित थे। अपने संबोधन में जैक बेनेडिक ने मधुमक्खी पालन के महत्व पर जोर दिया। ग्राम सचिव ने फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन के साथ–साथ आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने का अनुरोध किया। तकनीकी सत्र के दौरान, कृषि सहायक निदेशक सी. विनोद कुमार ने बागवानी में मधुमक्खी पालन के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए परागण बढ़ाने में मधुमक्खियों के योगदान पर प्रकाश डाला। कृषि सहायक डी. लक्ष्मी, ने किसानों को मधुमक्खी के छत्ते के बक्से को इकट्ठा करने और स्थापित करने के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉ. जी.डी. संकेत, ने मधुमक्खियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने और कीटों और बीमारियों के प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया। प्रतिभागियों ने जान मोहम्मद के खेतों का निदर्शन किया, जहाँ उन्होंने मधुमक्खी पालन में अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में कुल तीस किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, श्री विजयपुरम की ओर से अट्ठाईस जुलाई को ननकौड़ी ब्लॉक में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत पहचान एवं मूल्यांकन शिविर का आयोजन जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य ननकौड़ी ब्लॉक के स्कूलों में नए संदिग्ध बच्चों की पहचान करना और पहले से पहचाने गए विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को सहायक उपकरण जारी करना है। शिविर का आयोजन सहायक शिक्षा कार्यालय, ननकौड़ी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कपंगा, में किया जाएगा। इस शिविर में लाभार्थियों को चालीस प्रतिशत से अधिक वाले विकलांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, पासपोर्ट आकार की फोटो, निरामय–स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए राशन कार्ड के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय द्वीपों की समृद्ध जैव विविधता, पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों में संभावनाओं, सतत पर्यटन प्रथाओं और संरक्षण–आधारित विकास मॉडल पर जागरूकता पैदा करने के लिए सार्वजनिक व्याख्यानों की एक श्रृंखला आयोजित कर रहा है। इस सिलसिले में कल सुबह ग्यारह बजे आपदा प्रबंधन निदेशालय के प्रशिक्षण हॉल में उप–वन संरक्षक, वन्यजीव के जैव विविधता विशेषज्ञ डॉ. संदीप बेहरा 'अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के मैंग्रोवः प्रकृति के तटीय रक्षक– लचीलापन और तटीय संरक्षण' शीर्षक से एक विशेष व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। यह प्रशासन द्वारा पारिस्थितिकी पर्यटन और प्रकृति–आधारित अनुभवों को मुख्यधारा में लाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक ने सूक्ष्म और लघु उद्यमों तथा व्यक्तिगत कर्ज लेनदारों के लिए किफायती ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंकों और अन्य ऋणदाताओं सहित विनियमित संस्थाओं को फ़्लोटिंग ब्याज दर वाले कई ऋणों पर पूर्व–भुगतान दंड लगाने से प्रतिबंधित कर दिया है। यह प्रतिबंध अगले साल पहली जनवरी से लागू होगा और पहली जनवरी या उसके बाद स्वीकृत या नवीनीकृत किए गए सभी ऋणों तथा अग्रिम भुगतान पर लागू होगा।

<><><><><><><>

एम वी स्वराज द्वीप कल सुबह दस बजे श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा। अतिरिक्त सामानों की जांच आज दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक किया जाएगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य कल सुबह आठ से नौ बजे तक चलेगा। जहाज हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न विषयों में अतिथि संकाय के रूप में पात्र उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि सात जुलाई से बढ़ाकर चौदह जुलाई कर दी गई है। इच्छुक उम्मीदवार कॉलेज की वेबसाइट पर जाकर आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

<><><><><><><>

नेशनल कैडेट कोर में भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। इसके लिए कक्षा सातवीं और उससे ऊपर के छात्र आवेदन कर सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों की आयु ग्यारह से चौदह वर्ष के बीच होनी चाहिए। कक्षाएं एक सितम्बर से आरंभ होगी, जो केवल रविवार को सुबह साढ़े आठ बजे से आयोजित की जाएगी। पाठ्यक्रम की अवधि पांच वर्ष की होगी। प्रवेश के लिए आवेदन शुल्क नौ सौ रूपये निर्धारित किया गया है। इच्छुक उम्मीदवार आई एन एस जरावा से किसी भी कार्य दिवस में आवेदन पत्र सुबह नौ बजे से दिन में एक बजे के बीच प्राप्त कर सकते हैं। सी कैडेट कोर का उद्देश्य न केवल अनुशासन और देशभक्ति की भावना को बढ़ाना है, बल्कि भविष्य के लिए एक मजबूत नींव भी रखना है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला द्वारा अंतरिक्ष में मस्तिष्क कम्प्यूटर इंटरफेस विकसित करने पर काम करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। पर्यटन विभाग की ओर से प्रदर्शनी मैदान में आज से तीन दिवसीय भारतीय व्यंजन उत्सव आयोजित करने के समाचार को द्वीप समाचार ने प्रमुखता से छापा है। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त के निजी चिकित्सकों के साथ बैठक के समाचार को इंफो इंडिया और द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने सचित्र प्रकाशित किया है। छियहत्तरवें वन महोत्सव के उपलक्ष्य में मायाबंदर में जिला उपायुक्त द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाए जाने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पृष्ठ में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>